## आई.बी. महाविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंचे राजाखेड़ी स्कूल के विद्यार्थी



*आई.बी. महाविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी।*

पानीपत, 4 फरवरी (खर्ब) : हरियाणा सरकार की एक अद्‌भुत पहल के तहत, आई.बी. महाविद्यालय में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजाखेड़ी (पानीपत) के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंचे। हरियाणा शिक्षा विभाग की इस पहल को ट्विनिंग प्रोग्राम का नाम दिया गया है। 44 विद्यार्थियों के दल का महाविद्यालय द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में डा. चेतना नरूला ने महाविद्यालय के बारे में विद्यार्थियों को संक्षिप्त विवरण दिया, उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के साथ विभिन्न प्रकार की सह-शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों के बारे में भी बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थियों को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए हमेशा पढ़ाई की अहमियत पता होनी चाहिए एवं उन्हें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए कि वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें।

उन्होंने अपने विद्यालय के समय की मधुर स्मृतियों को भी उनके साथ साझा किया और साथ ही कहा कि आज हमारे विद्यालय और अन्य शिक्षण-संस्थान अत्यधिक साधन संपन्न हैं और शिक्षा के सुयोग्य विद्यार्थी आज अपने दृढ़ संकल्प से अपना मनचाहा भविष्य बना सकते हैं। उपप्राचार्या प्रो. रंजना शर्मा ने विद्यार्थियों को आने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं।

इसके उपरांत सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों और परिसर का भ्रमण करवाया गया, और विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह से रसायन विभाग, वनस्पति व जीव विज्ञान विभाग, कंप्यूटर विभाग, एवं भौतिकी विभाग की प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया। संगीत विभाग, हिस्ट्री म्यूजियम, स्किल डिवैल्पमैंट सैंटर, व्यायामशाला में घूमते हुए बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। महाविद्यालय के पुस्तकालय में भी बच्चों ने तन्मयता से आवश्यक जानकारी ली।

महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बच्चों ने बहुत ही उत्सुकता और गंभीरता से जानकारियां हासिल कीं। विद्यार्थियों के इस दल के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ी से शिक्षक श्री जय देव और शिक्षक कर्मवीर बतौर समन्वयक साथ रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय के अनेक शिक्षकों और गैर शिक्षक वर्ग का भरपूर योगदान रहा।

## I.B. (PG) COLLEGE, PANIPAT

Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra
G.T. ROAD,PANIPAT-132103, HARYANA Website: ibpgcollegepanipat.ac.in

### Department of Music Instrumental

**Certificate Course in Hindustani Classical Music Instrument**

**2 Months Evening Course (2:30 PM to 3:30 PM)**

**Date of starting this course: 6 February, 2024**

**Highlights of the Course**

- Learn to play Sitar, Harmonium, Esraj, Guitar etc.
- Learn to play various songs on instruments
- Basic concept of Indian Classical Music
- Tips for stage performance

Dr. Ajay Kumar Garg
Principal and Patron

Dr. Bhagwant Kaur
Convener & Course Co-ordinator

Prof. Vishal Yadav
Organising Committee

For further enquires contact: Dr. Bhagwant Kaur 8146522381, Prof. Vishal Yadav 9518663268

## बजट देश की आर्थिक स्थिति को निर्धारित करने में मदद करता है : प्रो. हिमांशी



*2024-2025 के बजट पर चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशी।*

पानीपत, 5 फरवरी (खर्ब) : आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान विभाग, अर्थशास्त्र विभाग व विपणन प्रबंधन विभाग द्वारा 2024 -2025 के बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.. हिमांशी थीं। उन्होंने बताया कि बजट आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह देश की आर्थिक स्थिति को निर्धारित करने में मदद करता है।

बजट के माध्यम से सरकार आर्थिक नीतियों, राजकीय व्यय और राजकोष का प्रबंधन करती है, जिससे समृद्धि और सामाजिक न्याय की स्थिति में सुधार होता है। बजट के माध्यम से संबंधित विभागों को आर्थिक समर्थन मिलता है, जो निवेश, रोजगार और विकास को बढ़ावा देने में सहायक होता है।

आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय बजट महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सरकार की आर्थिक योजनाओं को निर्धारित करने में मदद करता है और विभिन्न क्षेत्रों में सुधार का मार्ग प्रशस्त करता है। यह एक माध्यम है जिससे राष्ट्र के विकास और समृद्धि की दिशा में कदम बढ़ाया जाता है।

राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. किरण मदान ने कहा कि राष्ट्रीय बजट छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन्हें देश की आर्थिक स्थिति और योजनाओं की समझ में मदद करता है। इससे विद्यार्थी जागरूक होते हैं और सामाजिक-आर्थिक समस्याओं को समझने में सक्षम होते हैं। बजट के माध्यम से छात्रों की अर्थशास्त्र और राजनीति के क्षेत्र में रुचि बढ़ती है, जो उनके विकास में मदद करती है।

विपणन प्रबंधन की विभागाध्यक्षा डा. पूनम मदान ने कहा कि राष्ट्रीय बजट विपणन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सही से वित्तीय संसाधन निर्दिष्ट करने में मदद करता है, जिससे विपणन कार्यों को समर्थन करने और विस्तारित करने के लिए उपयुक्त धन उपलब्ध होता है, जिससे निर्धारित बजट के अनुसार योजनाएं बनाई जाती हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. ख़ुशबू, प्रो. राहुल, प्रो. विकास, प्रो. मोहित ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विद्यार्थियों को बताया बजट का महत्व

संवाद न्यूज एजेंसी



विद्यार्थियों के साथ बजट पर चर्चा करते प्राध्यापक। संवाद

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान विभाग, अर्थशास्त्र विभाग व विपणन प्रबंधन विभाग की ओर से 2024 -2025 के बजट पर चर्चा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. हिमांशी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया बजट का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि बजट आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है क्योंकि ये देश की आर्थिक स्थिति को निर्धारित करने में मदद करता है। बजट के माध्यम से सरकार आर्थिक नीतियों, राजकीय व्यय और राजकोष का प्रबंधन करती है, जिससे समृद्धि और सामाजिक न्याय की स्थिति में सुधार होता है।

"Believe you can and you're halfway there." - Theodore Roosevelt

आज समाज

पानीपत, गुरुवार ,08 फरवरी 2024

03

# आई.बी. कॉलेज में "मार्केटिंग क्षेत्र में करियर" विषय पर व्याख्यान का आयोजन

आज समाज नेटवर्क



**पानीपत।** स्थानीय आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विपणन विभाग के तत्वावधान में "मार्केटिंग क्षेत्र में करियर के अवसर" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टर सुनन्त ग्रोवर, सेंटर हेड स्टार्टअप इनक्यूबेटर सीओई करनाल मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कॉलेज उप प्राचार्या प्रो रंजना शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य वक्ता का स्वागत किया और कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में ग्राहक को संतुष्ट करना ही सफलता की कुंजी है। बेहतरीन उत्पाद या सेवा काफी नहीं है मार्केटिंग के द्वारा हम ग्राहकों की जरूरत को पहचान सकते हैं और उन्हें पूरा कर सकते हैं। मुख्य वक्ता डॉक्टर सुनन्त ग्रोवर ने कहा कि किसी भी व्यवसाय में मार्केटिंग मैनेजर का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मार्केटिंग एक विस्तृत फील्ड है और करियर के लिए हजारों संभावनाएं इसमें उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि डिजिटाइजेशन ने मार्केटिंग का तरीका बदल दिया है। डॉ. पूनम मदान ने कहा कि आज के तकनीकी युग में मार्केटिंग भी डिजिटल हो गई और डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में बेहतरीन करियर के अवसर उपलब्ध है जैसे कि कंटेंट मार्केटिंग मैनेजर, वेब डिजाइनर ,सोशल मीडिया मार्केटिंग स्पेशलिस्ट आदि। आज के इस व्याख्यान का उद्देश्य भी छात्र-छात्राओं को मार्केटिंग फील्ड से जुड़े ट्रेंडस से अवगत कराना है। डॉ. निधि मल्होत्रा और प्रो. माधवी ने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग नए ग्राहकों तक पहुंचाने का किफायती विकल्प है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. निधि, प्रो. माधवी, प्रो. निशा और प्रो. मोहित का अहम योगदान रहा। मंच संचालन डॉ. पूनम मदान ने किया और डॉ. किरण मदान ने सभी का धन्यवाद किया। लगभग 150 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम से लाभ उठाया। मौके पर प्रो. सोनिया, प्रो. कनक, प्रो. खुशबू , प्रो. हिमांशी, प्रो. मनीत कौर, प्रो. जागृति और प्रो. आकांक्षा आदि मौजूद रहे।

# 65 किलोग्राम भारवर्ग में बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र सौरब ने प्राप्त किया रजत पदक

पानीपत, 8 फरवरी (खबं) : स्थानीय आई.बी.(पी.जी) महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में पदक जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया है। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इंटर कॉलेज वुशू प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स कांप्लैक्स में 6 फरवरी 2024 को हुआ।

इसमें महाविद्यालय की वुशू टीम ने भाग लिया तथा लड़कों के 65 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र सौरब ने रजत पदक प्राप्त किया। डॉ. राजेश ने बताया कि सौरब अभी यूनिवर्सिटी की तरफ से लगने वाले कैंप में भी हिस्सा लेगा।

इस प्रकार अच्छा प्रदर्शन करके महाविद्यालय लौटने पर विजेता छात्र को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग तथा उपप्राचार्या प्रो. रंजना शर्मा ने सम्मानित किया व बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. सुनित शर्मा, प्रो. सोनिया, प्रो. अजय पाल, प्रो. सुरेंद्र व सेवादार मदन मौजूद रहे।



*खिलाड़ियों को सम्मानित करते उपप्राचार्या प्रो. रंजना शर्मा, शारीरिक शिक्षा प्रभारी डॉ. राजेश कुमार एवं अन्य।*

I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

February-2024

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 14

सच कहूँ 13 Feb 2024 - Page 10

## आई.बी.महाविद्यालय में 'पोशाक बनाना' गतिविधि आयोजित



**पानीपत (सच कहूँ न्यूज)।** आई.बी.महाविद्यालय में कौशल विकास केंद्र (स्किल डेवलपमेंट सेंटर) विभाग द्वारा सिलाई एवं कढ़ाई केंद्र के विद्यार्थियों के लिए 'पोशाक बनाना' गतिविधि का आयोजन किया। इसका अयोजन प्रो. शालू और ममता द्वारा करवाया गया। जिसमें 10 बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस गतिविधि के द्वारा विद्यार्थियों ने अलग-अलग पोशाक बनाने की कला प्रस्तुत की कॉलेज के प्रचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के समय के अनुसार यह जरुरी हो गया है कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में कलात्मक कौशल को बढ़ावा दिया जाए। इस बात को ध्यान में रखते हुए कॉलेज में अलग-अलग प्रकार के सर्टिफिकेट कोर्स चल रहे है जैसे सिलाई ,मेहंदी , नेल आर्ट, जो कला को बढ़ावा देते हैं।जिससे बच्चे आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन सकें प्रतियोगिता में बच्चों ने ड्रेस के तरह-तरह की डिजाइन एवं स्टाइल प्रस्तुत किए।इस प्रतियोगिता का परिणाम प्रो. राजेश बाला और प्रो. रुहानी शर्मा ने घोषित किया जो इस प्रकार है पायल प्रथम , नेहा द्वितीय स्थान पर एवं भूमि और अंकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं आरती को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।स्किल डेवलपमेंट सेंटर के संयोजक प्रो. अजयपाल सिंह ने बच्चों को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन करते हुए एक सफल गतिविधि की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर स्किल डेवलपमेंट सेंटर के सभी सदस्य मौजूद रहे।

पानीपत

आज समाज 05

पानीपत ,बुधवार,14 फरवरी 2024

## आईबी कॉलेज में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

आज समाज नेटवर्क

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट और करियर गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के सभी संकायों के अंतिम वर्ष और उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस ड्राइव का शुभारंभ प्रबंध समिति के वाइस प्रेसिडेंट बलराम नंदवानी और आईबीएल एजुकेशन सोसाइटी के सेक्रेटरी रवि गोसाई, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग, प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेंस सेल की संयोजिका डॉक्टर अर्पणा गर्ग, मेधा फाउंडेशन से शान, शाहिद और कंपनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। विभिन्न कंपनियों से आए प्रतिनिधियों को तुलसी का पौधा भेंट किया गया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कालेज प्रबंध समिति के वाइस प्रेसिडेंट बलराम नंदवानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में नौकरी पाना इतना आसान नही है पर लग्न और मेहनत से ये हासिल किया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने ड्राइव में भाग लेने वाले विद्यार्थियों, प्रतिभागियों और उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस मेगा ड्राइव में चार कंपनियों डब्ल्यू3 एक्सिस, कॉन्सेन्ट्रिक्स, कॉल्स ब्रिज प्राइवेट लिमिटेड और आई प्रोसेस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के विभिन्न पदों के लिए लगभग 130 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया। मंच का संचालन प्रो. माधवी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस मेगा प्लेसमेंट ड्राइव के सफल आयोजन में प्लेसमेंट और करियर गाइडेंस इकाई के सभी सदस्य प्रो. पवन, डॉ. निधि मल्होत्रा, प्रो. माधवी, प्रो. खुशबू, प्रो. निशा, प्रो. रुचिका ,प्रो पूजा और मेधा फाउंडेशन के प्रतिनिधि मिस्टर शान और मिस्टर शाहिद ने अहम भूमिका निभाई। महाविद्यालय का पूरा स्टाफ मौके पर मौजूद रहा।



## राग बागेश्री में की मां सरस्वती की स्तुति



वसंत उत्सव के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी। संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वसंत पंचमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। उत्सव की थीम पीले रंग की रही। उत्सव में लगभग 30 विद्यार्थियों ने गायन वादन की प्रस्तुति दी। बीए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने राग मल्हार में वृंद वादन की प्रस्तुति दी।

बीए द्वितीय वर्ष के मनीष का सितार वादन, बीए तृतीय वर्ष की छात्राएं निशा और संगम ने सितार और दिलरुबा वादन की प्रस्तुति दी। प्रो. ललित कुमार ने राग बागेश्री में मां सरस्वती जी की स्तुति गाई और डॉ. भगवंत की ओर से सितार वादन राग बसंत बहार राग में किया गया। तबला वादन संगती के रूप में अमन कुमार ने अहम भूमिका निभाई। इससे पूर्व कार्यक्रम शुभारंभ प्रबंधन समिति के उप-प्रधान बलराम नंदवानी और सदस्य रवि गोसाई की ओर से दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती जी को पुष्प अर्पित करके किया गया। वादन विभाग की संयोजिका डॉ. भगवंत कौर ने प्रबंधन समिति को सदस्यों, प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग एवं प्रो. ईरा गर्ग को पौधा भेंट करके सम्मानित किया।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर कहा कि संगीत में कुछ न कुछ जरूर सीखना चाहिए और संगीत से जुड़े रहना चाहिए। संगीत जहां आनंद देता है वहीं सारी चिंताए और उदासीनता को मिटा देता है। संचालन डॉ. भगवंत कौर एवं प्रो. विशाल ने किया।

## बच्चियों ने किया वसंत का स्वागत



वसंत ऋतु का स्वागत करते बच्चे। संस्थान

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल की जूनियर विंग की छात्राओं ने येलो डे मनाकर वसंत ऋतु का स्वागत किया।

कक्षा नर्सरी से द्वितीय की छात्राएं पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय पहुंची। उन्हें पीले रंग का महत्व व वसंत काल में प्रकृति में पीले रंग की सौंदर्य छटा आदि से अवगत कराया गया। छात्राओं को विद्यालय के बगीचे की सैर कराकर यह एहसास करवाया गया कि इन दोनों प्राकृतिक सुंदरता नूतन प्रवेश में नजर आती है।

प्रधानाचार्य मीनाक्षी अरोड़ा ने छात्राओं के उत्साह की प्रशंसा की। संवाद

"Success is not final; failure is not fatal: It is the courage to continue that counts." —Winston Churchill

## I.B.(PG) COLLEGE, PANIPAT

PLACEMENT & CAREER GUIDANCE CELL
IN COLLABORATION WITH MEDHA IS ORGANIZING



### MEGA PLACEMENT DRIVE

**13 February 2024 | 09:00 AM**

VENUE – Seminar hall 4th floor science block

**Who can participate?**

- 2022,2023 pass out students and current 3rd year students
- Students in final semester
- Any stream & subject
- Graduates & Post-graduates

**Participating Companies**

- Concentrix
- Calls Bridge
- Hero HFL
- ICICI
- Reliance Jio

CLICK HERE TO REGISTER

**Register Before**
12 Feb 2024

Dr. Ajay Kumar Garg
Principal
I.B.(PG) College, Panipat

Dr. Arpana Garg
Convener
Placement & Career Guidance Cell

Shahid Ali, Shan Mohammad
Medha Team

## आईबी कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव

पानीपत। आईबी कॉलेज में प्लेसमेंट और करियर गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के सभी संकायों के अंतिम वर्ष और उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस ड्राइव का शुभारंभ प्रबंध समिति के वाइस प्रेसिडेंट बलराम नंदवानी, आईबीएल एजुकेशन सोसाइटी के सेक्रेटरी रवि गोसाई, प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग, प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेंस सेल की संयोजिका डॉक्टर अर्पणा गर्ग, मेधा फाउंडेशन से मिस्टर शान, शाहिद और कंपनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

## नौकरी के लिए दिया साक्षात्कार



पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट और कॅरिअर गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें चार कंपनियों डब्ल्यू-3 एक्सिस, कॉन्सेंट्रिक्स, कॉल्स ब्रिज प्राइवेट लिमिटेड और आई प्रोसेस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने 130 विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। शुभारंभ प्रबंधन समिति के उप प्रधान बलराम नंदवानी, आईबीएल एजुकेशन सोसाइटी के सचिव रवि गोसाई, प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, डॉ. अर्पणा गर्ग, मेधा फाउंडेशन से शान, शाहिद और कंपनियों के प्रतिनिधियों ने किया। संचालन प्रो. माधवी ने किया। संवाद

February-2024

# COLLEGE NEWSLETTER(आईना)

Issue No: 14




## स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जीटी** रोड स्थित स्थानीय आई बी पी जी महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग, एन सी सी तथा एनएसएस इकाई द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने 17 से 19 वर्ष के लगभग 600 विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई । उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यह मुहिम सरकार द्वारा लगभग सभी स्कूलों व कॉलेज में 15 फरवरी 2024 से 20 फरवरी 2024 तक चलाई जा रही है । इस गोली के सेवन से पेट की बीमारियों को दूर किया जा सकता है । निरोगी काया इंसान का पहला सुख होता है । इसके चलते-प्रति दिन योग व व्यायाम करना चाहिए । फास्ट फूड के बजाय पौष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिए। एनएसएस के स्वयंसेवकों व एनसीसी के कैडेट्स ने अलग-अलग कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को यह टेबलेट खिलाई। एनएसएस एनसीसी के अध्यक्ष डॉ योगेश व लेफ्टिनेंट राजेश कुमार जी ने कहा कि इस गोली के सेवन से पेट में यदि कोई समस्या है तो वह ठीक हो जाती है।



आज समाज

पानीपत ,बुधवार,21 फरवरी 2024

03

# आईबी महाविद्यालय के विद्यार्थियों का हुआ प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन

आज समाज नेटवर्क



**पानीपत।** आई.बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 13.02.2024 को मेधा लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 38 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ। इस प्लेसमेंट ड्राइव में स्नातक और स्नातकोत्तर के लगभग 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के जनरल सेक्रेटरी एल.एन. मिगलानी ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि यह गर्व की बात है कि प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने के लिए और नौकरी दिलवाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुमार अजय गर्ग ने कहा कि हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और आज के समय में इंडस्ट्री की जरूरत के हिसाब से रोजगार कौशल सीखने का कार्य महाविद्यालय कर रहा है।

पानीपत

आज समाज

पानीपत, बुधवार, 28 फरवरी 2024

03

# ड्रग्स एब्यूज व ड्रग्स एडिक्शन विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

आज समाज नेटवर्क

**पानीपत।** आज आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में " यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब" के द्वारा ड्रग्स एब्यूज व ड्रग्स एडिक्शन विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, उपप्राचार्या प्रो. रंजना शर्मा, डॉ. निधान सिंह, डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. विक्रम और यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब के संयोजक प्रो. अजयपाल सिंह व सह संयोजक प्रो. अश्विनी गुप्ता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा कि नशे की लत की समस्या आजकल एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। ड्रग्स व दवाइयों का सही प्रयोग यदि डॉक्टर के परामर्श से किया जाए तो यह ड्रग्स जीवन के लिए उपयोगी होती है। लेकिन यदि इनका प्रयोग ज्यादा मात्रा में या बिना कारण से किया जाता है, तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होती। है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आज हमें शपथ लेनी चाहिए कि हम किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अपने आसपास भी किसी को नशा नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि जब लोगों की नसों में खून की जगह नशा दौड़ता है तो परिवार और समाज पतन की तरफ चले जाते हैं जो युवा अपनी काबिलियत और रचनात्मक कार्यों की बदौलत समाज को ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं वही युवा नशे की वजह से समाज पर बोझ बनकर उनको खोखला कर देते हैं। साथ ही हरियाणा सरकार के ड्रग्स व नशा मुक्त अभियान में पूरा सहयोग करेंगे। इस प्रतियोगिता में लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब के संयोजक प्रोफेसर अजय पाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ड्रग्स की लत से उनका भविष्य खतरे में पड़ सकता है, क्योंकि जब एक विद्यार्थी ड्रग्स की लत में पड़ जाता है तो जीवन में किसी योग्य नहीं रहता और उसके इलाज से भी बहुत खर्च आता है। ऐसा व्यक्ति समाज व राष्ट्र निर्माण में जो अपना योगदान दे सकता था वह इस ड्रग्स की लत के कारण अपना योगदान नहीं दे पाता है। हालांकि हमारे कॉलेज में इस प्रकार की समस्या नहीं है, लेकिन फिर भी हमें इस संबंध में स्वयं जागरूक रहना चाहिए और सभी साथियों को ड्रग्स के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में प्रोफेसर रंजना शर्मा, डॉक्टर निर्मला, प्रोफेसर हिमांशी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जय गहलोत बीकॉम फर्स्ट ईयर, द्वितीय स्थान रोहित बीसीए फाइनल ईयर और तृतीय स्थान पर गौरांग बीबीए सेकंड ईयर, आस्था बी बीए फर्स्ट ईयर को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता के अंत में यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब के को-कन्वीनर प्रोफेसर अश्वनी गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। इस प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. भगवंत कौर, प्रो. रितिका जताना, प्रो. सोनिया विरमानी, प्रो. सोनल डोगरा का विशेष योगदान रहा। मंच का संचालन प्रो. सोनिया विरमानी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रो. राजेश बाला, प्रो. भावना उपस्थित रहे।



# इंसान को तनाव मुक्त कर देता है संगीत : डॉ. जोशी

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में संगीत गायन-वादन विभाग द्वारा दो दिवसीय संगीत कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला का विषय समझ सुर और वाद्य की है। जबकि कार्यशाला में वक्ता के रूप में डॉ. अमिता शर्मा पी. जी. जी. सी. जी. चंडीगढ़ से ऑनलाइन माध्यम से और डॉ. तरुण जोशी संगीत गायन और नृत्य विभाग कुरुक्षेत्र से आमंत्रित रहे। इस कार्यशाला के दौरान सितार वादिका डॉ. अमिता शर्मा द्वारा अलंकारों को विभिन्न लयकारियों में कैसे अभ्यास किया जाए इस विषय पर बच्चों का ज्ञानवर्धन किया। इसके साथ ही उन्होंने मिजराब के विभिन्न बोलो व झालावादन के अभ्यास के बारे में बताया। अंत में बच्चो की संगीत के प्रति रुचि की सराहना की और भविष्य में संगीत को विषय व करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। जबकि डॉ. तरुण जोशी द्वारा गजल गायन आज जाने की जिद न करो के साथ कार्यशाला का समापन किया। जबकि कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने संगीत विषय को भविष्य के लिए एक नई रोशनी का रूप बताया और कहा कि संगीत सामाजिक जीवन का अभिन्न अंग है। इस अवसर पर संगीत वादन विभाग से कार्यशाला की संयोजिका डॉ. भगवंत कौर, संगीत गायन विभाग से डॉ. मोनिका वर्मा, प्रो विशाल, प्राध्यापिका डॉ. नीलम, डॉ. स्वाति पुनिया व प्रो. ललित मौजूद रहे।



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

सच कहूँ 28 Feb 2024 - Page 13

## गौशाला में जरूरतमंद परिवारों के लिए भोजन, वस्त्र और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण



पानीपत (सच कहूँ न्यूज)। आई.बी स्नातकोत्तर महा विद्यालय में अंग्रेजी विभाग के टैगोर समिति और एल्यूमिनी संगठन द्वारा गौशाला में जरूरतमंद परिवारों के लिए भोजन, वस्त्र और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया । प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने सराहना करते हुए कहा कि दान देने से संस्कारों में वृद्धि होती है। हमारे शास्त्रों के अनुसार भी दान का अपना एक महत्व होता है बच्चों में अच्छे संस्कार उत्पन्न होते हैं। विभागाध्यक्षा डॉक्टर नीलम ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों में हमेशा आगे रहना चाहिए ,इससे परोपकार की भावना जागृत होती है ।जरूरतमंदों की सहायता करने से मन प्रसन्न रहता है इस अवसर पर विभाग से डॉ नीलम, डॉ. निधि मल्होत्रा, डॉ. स्वाती, डॉ. नेहा, डॉ. मधु शर्मा ,डॉ. विनय वाधवा, प्रो. सोनल, प्रो. रेखा शर्मा , प्रो. प्रिया, प्रो. मजली, प्रो. मंजू , प्रो. मंजू चंद, प्रो. मीना और टैगोर सोसाइटी और एल्यूमिनी संगठन के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डॉ. गर्ग ने विद्यार्थियों को विज्ञान का महत्व समझाया



*डॉ. भारती कालरा को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग।*

पानीपत, 29 फरवरी (स.ह.) : आई.बी. महाविद्यालय के विज्ञान संकाय ने बड़े उत्साह के साथ 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2024' मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व छात्रा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. भारती कालरा ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग और उप-प्राचार्य प्रो. रंजना शर्मा ने डॉ. भारती का औपचारिक स्वागत किया। डॉ. गर्ग ने विद्यार्थियों को विज्ञान दिवस और विज्ञान का महत्व समझाया ।उन्होंने सर सी.वी. रमन और डॉ. अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि इन महान वैज्ञानिकों का शुरूआती जीवन अभावों में गुजरा परन्तु उन्होंने विज्ञान के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया। इसी कारण विश्व भर में इनका नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इसी तरह से आप में से भी कुछ प्रतिभाशाली विद्यार्थी जीवन में बहुत आगे जा सकते हैं।

डॉ. निधान सिंह ने विद्यार्थियों को संक्षेप में इस दिन का महत्व बताया और सर सी.वी. रमन के जीवन का परिचय दिया। डॉ. भारती कालरा ने महाविद्यालय के दिनों की मधुर स्मृतियों के साथ रोचक और सरल भाषा में विद्यार्थियों से संवाद किया। पहले भाग में उन्होंने कैंसर जैसी बीमारी से बचने के लिए किशोरवय के लड़के लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस की वैक्सीन लगाने के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि समय पर इसकी वैक्सीनशन करवाने का लाभ है कि हम बहुत सारी जटिलताओं से बच सकते हैं। अत: सभी किशोरवय एवं युवक-युवतियों को यह कदम उठाना चाहिए। दूसरे भाग में उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए अपने खान पान पर ध्यान देने के महत्त्व को रेखांकित किया तथा साथ ही में संतुलित आहार के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। विद्यार्थियों ने काफी रूचि लेकर न केवल सुना, अपितु कई विषयों पर अपने सवाल जवाब भी दिए।

डॉ. भारती कालरा ने अपने महाविद्यालय के विज्ञान के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम की सूत्रधार डॉ. अर्पणा गर्ग रहीं और इस कार्यक्रम में डॉ. विक्रम, प्रो. पवन कुमार, प्रो. सोनिया, प्रो. कनक शर्मा, प्रो. ईरा गर्ग, प्रो. अंजुश्री, प्रो. रजनी, प्रो. नीलम्म थरेजा, डॉ. स्नेहा भी उपस्थित रहे। टिंकू, जगदीप, कविता और ओमपाल ने सहयोग दिया।

## कैंसर से बचाव को टीकाकरण करवाएं विद्यार्थी : डॉ. भारती

- सर सीवी रमन के जीवन का परिचय दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज मे डॉ भारती कालरा को स्मृति चिंह भेट करते हुए डॉ. निधान सिंह। फोटो ःहरिभूमि

आईबी कॉलेज के विज्ञान संकाय ने बड़े उत्साह के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ. भारती कालरा ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को सम्बोधित किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. भारती कालरा इस क्षेत्र की जानी मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं और चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रही हैं। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग और उप-प्राचार्य प्रो. रंजना शर्मा ने डॉ. भारती का औपचारिक स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने शुभारम्भ सम्बोधन में विद्यार्थियों को विज्ञान दिवस और विज्ञान का महत्त्व समझाया। उन्होंने सर सीवी रमन और डॉ. अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि इन महान वैज्ञानिकों का शुरूआती जीवन अभावों में गुजरा परन्तु उन्होंने विज्ञान के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया। इसी कारण से विश्व भर में इन का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, इसी तरह से आप में से भी कुछ प्रतिभाशाली विद्यार्थी जीवन में बहुत आगे जा सकते हैं। डॉ. निधान सिंह ने विद्यार्थियों को संक्षेप में इस दिन का महत्त्व बताया और सर सीवी रमन के जीवन का परिचय दिया। डॉ. भारती कालरा ने अपने वक्तव्य में अपने महाविद्यालय के दिनों की मधुर स्मृतियों के साथ रोचक और सरल भाषा में विद्यार्थियों से संवाद किया। पहले भाग में उन्होंने कैंसर जैसी बीमारी से बचने के लिए किशोरवय के लड़के लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस की वैक्सीन लगाने के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम की सूत्रधार डॉ. अर्पणा गर्ग रहीं और इस कार्यक्रम में डॉ. विक्रम, प्रो. पवन कुमार, प्रो. सोनिया, प्रो. कनक शर्मा, प्रो. ईरा गर्ग, प्रो. अंजुश्री, प्रो. रजनी, प्रो. नीलम थरेजा, डॉ. स्नेहा भी उपस्थित रहे।

# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

February-2024

# COLLEGE NEWSLETTER(आईना)

Issue No: 14




**Principal Dr. Ajay Kumar Garg received Haryana State Energy Conservation Award . Energy Minister Sh. Ranjeet Singh did the honours.**